# चीन में सिंथेटिक रबर पर ड्यूटी

**बीजिंग** ◆ चीन की सरकार ने सिंथेटिक रबर के आयात पर लागू एंटी डंपिंग ड्यूटी की व्यवस्था को अगले पांच सालों तक बरकार रखने की घोषणा की है। जापान, यूरोपीय संघ और अमेरिका से आयातित होने वाले सिंथेटिक रबर पर एंटी डंपिंग ड्यूटी जारी रहेगी। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि वास्तविकता में वर्ष 2005 में आयातित नियोप्रीन पर ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन चीन के उत्पादकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए इसे जारी रखने की जरूरत थी। गौरतलब है कि सिंथेटिक रबर का इस्तेमाल लैपटॉप बैग, ऑर्थोपेडिक ब्रेसेज और पंखों के बेल्ट में इस्तेमाल की जाती है।